दिन—शुक्रवार दिनांक— 15 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी— एनटीए ने नीट—यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा दोबारा इक्कीस जून को आयोजित करने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को चौदह जून तक प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे। श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट—यूजी परीक्षा अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनटीए में ठोस सुधारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने संबंधी उपाय किए जाएंगे।

———————————————————————————

वैश्विक ईंधन संकट के बीच तेल विपणन कंपनियों ने देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर तीन रुपये चौदह पैसे, जबकि डीजल की कीमतों में तीन रुपये ग्यारह पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुयी है। नई दरें आज से लागू हो गयी हैं। अब पेट्रोल की कीमत पटना में एक सौ आठ रुपये सड़सठ पैसे प्रतिलीटर हो गयी है। वहीं, डीजल की कीमत चौरानवे रुपये पैंसठ पैसे प्रतिलीटर हो गयी है। इसके साथ ही सीएनजी के दामों में भी दो रुपये प्रतिकिलो की बढ़ोतरी की गयी है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा संरक्षण की अपील का बिहार में असर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज अपने सरकारी आवास से सचिवालय तक पैदल पहुंचे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश भी पैदल ही अपने कार्यालय पहुंचे। वहीं, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ई—रिक्शा की सवारी कर अपने कार्यालय पहुंचे। सचिवालय के

अधिकारियों और कर्मियों ने भी कार्यालय पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग किया। इधर, खगड़िया के जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार साईकिल से अपने कार्यालय पहुंचे। गयाजी स्टेशन परिसर में आरपीएफ के जवानों ने गाड़ियों की जगह साईकिल से गश्ती की।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, सीतामढ़ी, वैशाली और समस्तीपुर समेत राज्य के उत्तरी–पूर्वी और उत्तर–मध्य जिलों में बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। इधर, विभाग ने अगले कुछ घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र और जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले के लिए आज से सेलेक्शन ट्रायल शुरू हो गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया की ट्रायल बाईस मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र में दाखिले के लिए बारह से चौदह वर्ष आयु वर्ग के जबकि जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले के लिए सोलह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

———————————————————————————

गोपालगंज की एमपी एमएलए अदालत ने जदयू विधायक अनंत सिंह को हथियार प्रदर्शन के मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने इस मामले में पुलिस से केस डायरी तलब की है।

———————————————————————————

एग्री स्टैक योजना के तहत फार्मर आईडी बनाने में सुस्ती बरतने के आरोप में पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी ने फेनहारा, पिपराकोठी और वनकटवा के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है।

——————————————————————————

सुपौल जिले के जदिया थाना से पुलिस ने एक किलो चार सौ चालीस ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, भागलपुर जिले के मधुसूदनपुर थना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

मधुबनी जिले में रसोई गैस वितरण में अनियमितता बरतने के आरोप में चार गैस एजेंसियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

——————————————————————————

सहरसा जिले के कासनगर थाना क्षेत्र में एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता–पुत्र की मौत हो गई।

——————————————————————————

भोजपुर जिले के महुली गंगा घाट पर धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गंगा जी में दो सगे भाई डूब गये। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। एक लापता की तलाश की जा रही है।

——————————————————————————

समाप्त